PRAKASH RANJAN PATEL

Test No.: 02

Date: 12.01.2025

बि. लो. से. आ.	B.P.S.C

परीक्षा
EXAM. ______

विषय
SUB. Political System of India and Bihar

तिथि
DATE. 12.01.2025

परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश

इन्हें सावधानी से पढ़े और इसका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (52) क्रमांकित पृष्ठ है। इसका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्ती बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर केवल इस आवरण पृष्ठ पर विहित स्थान पर 'अपना नाम एवं अनुक्रमांक' [Enrollment Number] अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें। परीक्षा और विषय का नाम भी नियत स्थानों पर लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी अंक अलग-अलग भाग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों' में प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, लम्बे बॉक्स में अक्षरवार लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अन्दर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई [धार्मिक] शब्द या पहचान चिन्ह नहीं लिखें अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जायगी।
5. उत्तर पुस्तिका के दोनों तरफ लिखें। पुस्तिका के शेष बचे सभी सादे पृष्ठों (अंश सहित) को पूरी तरह क्रॉस [×] कर दें।
6. अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी।
7. दाहिनी ओर विहित घेरा में उत्तरित प्रश्न को क्रम संख्या के सामने उसकी पृष्ठ संख्या लिखें।
8. उपस्थिति पत्र पर प्रत्येक परीक्षा के लिए वही हस्ताक्षर करें जो उपस्थिति पत्र पर आपने पूर्व में किया है। अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जाएगी।
9. प्रश्नों के उत्तर एक ही स्याही में लिखें। यदि स्याही बदलनी पड़े तो इस आशय का निरीक्षक (Invigilator) से आवरण पृष्ठ पर नियत स्थान पर अभिप्रमाणन अवश्य करायें।
10. यदि आप किसी प्रश्नोत्तर को रद्द करना चाहें तो आर-पार क्रॉस कर [×] काट दें तथा उसपर रद्द लिखें।
11. प्रश्नोत्तर निदेशानुसार ही दें। यदि निर्धारित संख्या से अधिक प्रश्नोत्तर अंकित पाये जायेंगे, तब आरंभ में निर्धारित संख्या तक आने वाले प्रश्नोत्तर ही मूल्यांकित किये जायेंगे और शेष की उपेक्षा कर दी जायेगी।
12. एक प्रश्न का उत्तर पूरा लिखने के बाद ही दूसरा प्रश्नोत्तर लिखें।
13. कम्प्यूटर उपस्थिति सूची में अपने नाम के समक्ष उत्तरपुस्ती की संख्या अवश्य लिखें और हस्ताक्षर करें अन्यथा उत्तर पुस्ती रद्द कर दी जायेगी।
14. पुस्तक, कुंजी, नोट्स आदि परीक्षा कक्ष से बाहर निर्धारित स्थान पर ही रखें।
15. परीक्षा कक्ष में यदि कोई पुस्तक/उत्तर सामग्री आपसे बरामद होगी या आप नकल करते/करायें/बातचीत करते/दुर्व्यवहार करते पाये गये तो परीक्षा कक्ष से तत्क्षण बहिस्कृत किये जायेंगे; आयोग द्वारा अतिरिक्त रूप से भी दंडित किये जा सकेंगे और बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1985 के उपबंधों के अधीन दंडित किये जा सकेंगे।
16. उत्तर पुस्ती सौंप कर/ले लिये जाने के बाद ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलें।
17. परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन वर्जित है।
18. परीक्षक के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

प्रश्न संख्या Q.No.	उत्तर की पृष्ठ संख्या Pg. No. of Answer	प्राप्तांक Marks Obtained
1.	1-10	7+5+5+4=21
2.	11-15	21
3.	16-19	
4.	21-22	
5.		
6.	36-40	
7.	43-48	
8.		
9.		
10.		
11.		
12.		
13.		
14.		
15.		
16.		
17.		
18.		
19.		
20.		
कुल [अंकों में] TOTAL [IN FIGURES]		
कुल [शब्दों में] TOTAL [IN WORDS]		

परीक्षक
EXAMINER

प्रधान परीक्षक
HEAD EXAMINER

B

70202328

Scanned with OKEN Scanner

1. Write short answers to the following questions:

निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए:

(a) Explain how the preamble of the Indian Constitution highlights the importance of the Constitution. 8

बताइए कि किस प्रकार भारतीय संविधान की उद्देशिका संविधान के महत्व को बताती है?

हमारा संविधान निर्माण हेतु पहली बैठक 09.12.1946 को किया गया था। दिनांक 13.12.1946 को संविधान सभा मे पंडित जवाहरलाल नेहरू के द्वारा उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया गया था जिसे संविधान सभा द्वारा 22.01.1947 को स्वीकृत कर लिया गया।

उद्देशिका के कुछ अंश इस प्रकार है:-

'हम भारत के लोग' भारत को सर्वप्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, धर्म, विश्वास एवं उपासना की स्वतंत्रता तथा समानता एवं बंधुत्व

इसकी उपयोगिता नहीं है / सीधे प्रश्न की मांग से शुरुआत करें

Political System of India and Bihar

Bihar Naman Publication, Patna

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्त वर्णित उद्देशिका का महत्व इस प्रकार है।

(i) सामाजिक न्याय :- समस्त नागरिकों को सामाजिक न्याय दिलाना संविधान का लक्ष्य है।

(ii) आर्थिक न्याय - भारत का संविधान सभी लोगों को आर्थिक न्याय देने के उद्देश्य से कार्य करता है।

(iii) राजनीतिक न्याय - भारत का कोई भी नागरिक अपना मत दे सकता है एवं चुनाव में प्रतिनिधि के रूप में खड़ा हो सकता है।

(iv) देश के समस्त नागरिकों को उद्देशिका के अनुसार मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, धर्म, विश्वास एवं उपासना की स्वतंत्रता दी गई है।

(v) देश के नागरिकों के बीच बंधुत्व की भावना एवं समानता हमारे संविधान में उद्देशिका से ही लिया गया है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भारतीय संविधान उद्देशिका को मूलभूत तत्व मानकर कार्य करती है।

(4)

70th BPSC Mains Test Series

Bihar Naman GS, Patna

भारत और बिहार की राजनीतिक व्यवस्था

Scanned with OKEN Scanner

प्रश्न संख्या लिखिए Write Question Number in this margin

(b) Is criminalization occurring in Bihar politics? Examine. 8

क्या बिहार की राजनीति पर अपराधीकरण हो रहा है? परिक्षण कीजिए।

बिहार में सांसदों विधायकों की कुल संख्या 283 है। हमारे सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि नामांकन के समय अपने ऊपर केस के बारे में जानकारी देते हैं।

निजी कंपनी PRS website के अनुसार बिहार के जनप्रतिनिधि पर बहुत गंभीर चार्ज की बात सामने आई है। इसमें यह भी बताया गया है कि 23% जनप्रतिनिधि पर रेप, मर्डर, हत्या जैसे गंभीर चार्ज है। ऐसे जनप्रतिनिधि जब चुनाव जीतकर आते हैं तो अपने मामलों को संरक्षण प्राप्त करवाने के लिए थानों, एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों पर दबाव बनाते हैं जिससे अपराध घटने के बजाय बढ़ता ही जाता है।

Political System of India and Bihar

Bihar Naman Publication, Patna

Scanned with OKEN Scanner

सरकार ने अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए थानों में बहुत सुविधा प्रदान की है लेकिन उसका असर बिहार की राजनीति में अपराधीकरण को रोकने में सफल नहीं हो रहा है। समाज में दबंग होने का एक स्टेटस सिंबल बन गया है।

इसी स्टेटस सिंबल के कारण दबंग व्यक्ति राजनीति में आ जाते हैं।

हालांकि यह पूर्व दशक से कम देखने को वर्तमान समय में मिल रहा है। कुछ पार्टियों ने यह घोषणा भी की है कि अपराधी प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को टिकट नहीं दिया जाएगा।

अंततः हम कह सकते हैं कि आजादी के समय हमारे राजनेता एवं वर्तमान के राजनेता में अपराधीकरण को लेकर काफी अंतर है।

(3) प्रश्न का पहला भाग नहीं लिखे

70th BPSC Mains Test Series
Bihar Naman GS, Patna
भारत और बिहार की राजनीतिक व्यवस्था

Scanned with OKEN Scanner

(c) In what way will the domicile policy affect the politics of Bihar? Describe. 8

डोमिसाइल नीति किस रूप में बिहार की राजनीति को प्रभावितकरेगी? वर्णन कीजिए।

डोमिसाईल नीति का अर्थ होता है कि उस राज्य या प्रांत के लिए कुछ स्पेशल प्रावधान करना। जैसे झारखंड सरकार सरकारी नौकरियों में 85-90 % ~~लोगों~~ तक स्थानीय लोगों के लिए ही रिजर्व किए हुए हैं। उसी प्रकार हरियाणा एवं UP की सरकारें भी इसका अनुसरण किए हैं।

लेकिन बिहार में डोमिसाइल नीति लागू नहीं की गई है। बिहार में डोमिसाइल नीति के लागू होने के सकारात्मक प्रभाव :-

(1) रोजगार के दृष्टि :-
वर्तमान समय में बिहार में 50 % (SC, ST, OBC) के लिए रिजर्व आरक्षित तथा 10 % EWS के लिए आरक्षित है उसके बाद कोई भी बिहार के बाहर का व्यक्ति भी इसमें आप

©BNPH||Bihar Naman GS, 3rd Floor, A.K. Pandey Building, Road No.- 2, Rajendra Nagar, Patna-800016, Mob.- 8368040065. www.biharnaman.in, Telegram - https://t.me/biharnaman

Political System of India and Bihar
Bihar Naman Publication, Patna
Scanned with OKEN Scanner

मेरिट बन सकता है।

डोमिसाइल नीति लागू होने से बिहार के लोगों को अधिक-से-अधिक संख्या में रोजगार मिल सकेगा जिससे बिहार से बाहर पलायन में कमी आएगी।

डोमिसाइल नीति लागू होने के नकारात्मक प्रभाव:-

(a) योग्य व्यक्ति का घटना:- जब सीटें बिहार के लोगों के लिए आरक्षित हो जाएगी तो उसी में ही लोगों का चुनाव करना पड़ेगा जिससे कहीं न कहीं मेरिट पर प्रभाव पड़ेगा।

झारखंड सरकार द्वारा किए गए 100% डोमिसाइल नीति को उच्चतम न्यायालय यह कहते हुए खारिज कर दिया कि भारत एक federal Structure वाला देश है इस नीति को लागू करना सही नहीं है।

निष्कर्ष: हम कह सकते हैं कि डोमिसाइल नीति बिहार की राजनीति को सकारात्मक रूप से ही प्रभावित करेगी जिससे यहाँ के मूल निवासी को फायदा होगा।

(5)

70th BPSC Mains Test Series
Bihar Naman GS, Patna
भारत और बिहार की राजनीतिक व्यवस्था
©BNPH||Bihar Naman GS, 3rd Floor, A.K. Pandey Building, Road No.- 2, Rajendra Nagar, Patna-800016, Mob.- 8368040065. www.biharnaman.in, Tellegram - https://t.me/biharnaman
Scanned with OKEN Scanner

(d) Judicial interpretation of the right to life. 7

जीवन जीने के अधिकार की न्यायिक व्याख्या कीजिए।

भारतीय संविधान के भाग-3 के अंतर्गत स्वतंत्रता का अधिकार के तहत अनुच्छेद 21 मे जीवन जीने के अधिकार का वर्णन किया गया है।

यह अनुच्छेद कहता है कि भारत के सभी नागरिक को प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता है

इसका तात्पर्य है यह हुआ है कि सभी व्यक्ति को अपने प्राण एवं शरीर की स्वतंत्रता का पूर्ण अधिकार है

इसकी न्यायिक व्याख्या निम्न है

मेनका गाँधी बनाम भारत सरकार 1976:-

भारत सरकार ने जाँच के नाम पर मेनका गाँधी का पासपोर्ट सीज कर लिया था ताकि वह विदेश न जा सके।

संविधान के Art 32 के तहत मेनका गाँधी ने Art 19 एवं 21 के मौलिक

Political System of India and Bihar

Bihar Naman Publication, Patna

Scanned with OKEN Scanner

अधिकार का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की।

उच्चतम न्यायालय ने मेनका गांधी के रिट याचिका की समीक्षा उपरांत उनका पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया तथा यह बताया कि किसी व्यक्ति के जीवन जीने का अधिकार के अंतर्गत ही कहीं पर घूमना या जाना भी शामिल है।

=(5)

Scanned with OKEN Scanner

(e) Discuss the role of regional politics in Bihar. 7

बिहार में क्षेत्रीय राजनीति की भूमिका की चर्चा कीजिए।

बिहार का वैशाली लोकतंत्र की जननी रहा है। यह प्रांत भी क्षेत्रीय राजनीति से अछूता नहीं है। क्षेत्रीय शब्द का अर्थ होता है कि स्थानीय स्तर।

बिहार में प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी निम्न है।

(a) राष्ट्रीय जनता दल

(b) जदयू

(c) हम

(d) विकासशील इंसान पार्टी

(e)

यह सभी पार्टी अपने क्षेत्र अपने बिहार के लोग एवं इस प्रदेश का कैसे भला हो इस पर कार्य करते हैं। इनके इनका कुछ स्पेशल मुद्दा भी है।

जैसे:-

(i) विकासशील इंसान पार्टी मल्लाह जाति

Political System of India and Bihar

Bihar Naman Publication, Patna

Scanned with OKEN Scanner

को SC में शामिल करने हेतु राजनीति करते है)

(ii) हम के मुखिया जीतनराम मांझी SC एवं ST में उपवर्गीकरण की वकालत करते है)

(iii) जनता दल यू बिहार की आर्थिक उन्नति के लिए बिहार को स्पेशल दर्जा की मांग करता है

(iv) राष्ट्रीय जनता दल आरक्षण व्यवस्था बढ़ाने की वकालत करता है)

बिहार में अन्य क्षेत्री पार्टी अपने जाति एवं क्षेत्र के विकास के संबंध में भी राजनीति करते है) जैसे कि पहले उपेन्द्र कुशवाहा जी बिहार में केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए धरना पर बैठे थे।

इस प्रकार हम कह सकते है कि बिहार में क्षेत्रीय पार्टी अपने लोकल मुद्दे पर भी राजनीति करते है।

4 डेटा और बेहतर लिखना जा सकता है

Scanned with OKEN Scanner